मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

राँची,दिनांक– **11.03.2020**

★गांव की समृद्ध परंपरा को और आगे ले जाना है - हेमन्त सोरन

====================

मुख्यमंत्री सचिवालय

विज्ञप्ति संख्या- **278 /2020**

नेमरा/ गोला / रामगढ़

====================

रामगढ़ जिला के गोला प्रखण्ड स्थित अपने पैतृक गांव नेमरा पहुंचें मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन, परंपरागत तरीके से हुआ स्वागत

====================

★हर गांव तक विकास को पहुंचाना सरकार की है विशेष प्राथमिकता

★लोगों की परेशानियों को दूर करने के लिए हर दिन हर घंटा जनता को समर्पित

...हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री, झारखण्ड

=========================

हमारे यहां गांव की समृद्ध परंपरा रही है।इस परंपरा को और मजबूत तथा आगे ले जाना है। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज रामगढ़ जिला के गोला प्रखंड स्थित अपने पैतृक गांव नेमरा में गांववालों को होली और प्रकृति पर्व बाहा परोब की शुभकामनाएं देने के क्रम में कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की आत्मा गावों में बस्ती है।राज्य के हर गांव तक विकास को पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है।उन्होंने कहा कि राज्य का मुख्यमंत्री होने के नाते मेरा यह दायित्व बनता है कि लोगों की परेशानियों को दूर करें।इसके लिए हर दिन हर घंटा जनता के लिए समर्पित है।

अपने गांव में अपने लोगों का मिला असीम स्नेह और प्यार

मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने पैतृक गांव नेमरा में अपने लोगों के बीच काफी अच्छा लग रहा है।मेरा पूरा परिवार यहां इकट्ठा है।इससे ज्यादा खुशी की बात क्या हो सकती है।यहां लोगों

का जो प्यार और स्नेह मिला, उसे शब्दों में बयां नहीं कर सकता ये पल यादगार है जो ताउम्र नहीं भूल पाऊंगा ।

मुख्यमंत्री का पारंपरिक तरीके से गांव वालों में किया स्वागत

मुख्यमंत्री के पैतृक गांव नेमरा आगमन को लेकर पूरे गांव में उत्साह का माहौल था ।गांववालों के साथ आसपास के इलाकों से भी सैकड़ों लोग अपने चहेते और लोकप्रिय मुख्यमंत्री को देखने-मिलने आए थे ।उन्होंने पारंपरिक तरीके से अपने मुख्यमंत्री का स्वागत किया ।

लोगों की परेशानियों को सुना और कारवाई के दिए निर्देश

इस मौके पर लोगो ने अपनी परेशानियों और समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया । उन्होने इस संबंध में आवेदन दिए ।मुख्यमंत्री ने भी मौके पर ही अधिकारियों को लोगों की समस्याओं के निदान के लिए आवश्यक निर्देश दिए ।

बिजली संकट की है जानकारी, उचित निर्णय लेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ ज़िलों में बकाए को लेकर डीवीसी द्वारा 18-18 घंटे बिजली की कटौती किए जाने की जानकारी है ।सरकार इस मामले की बहुत जल्द समीक्षा करेगी और क्या बेहतर हो सकता है इसपर निर्णय लेगी ।बिजली व्यवस्था बेहतर करना सरकार की प्राथमिकता है ।

इस मौके पर श्री शिबू सोरेन और अन्य परिजन, विधायक ममता देवी, डीडीसी संजय सिन्हा समेत रामगढ़ जिला प्रशासन के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे ।

###

====================

#Team PRD(CMO)